Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
In news In August 2016

# जीजेयू में प्लेसमेंट वेब पोर्टल स्थापित

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। जीजेयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से प्लेसमेंट वेब पोर्टल स्थापित किया गया है। इस पोर्टल पर विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल द्वारा एक ब्रोशर भी जारी किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विवि के कमेटी रूम 1 में वेब पोर्टल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विवि के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट से संबंधित सभी सूचनाएं इस पोर्टल पर मिलेंगी। साथ ही इस पोर्टल पर विद्यार्थियों के लिए साक्षात्कार देने संबंधी, समूह वार्तालाप करने तथा बायोडाटा आदि तैयार करने संबंधी तकनीकों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध होगी। वेब पोर्टल पर विवि के कोर्सों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। कैंपस प्लेसमेंट के लिए विवि द्वारा इन पंजीकृत विद्यार्थियों को ही आमंत्रित किया जाएगा।



हिसार। जीजेयू में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से प्लेसमेंट ब्रोशर का विमोचन करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं अन्य।

वेब पोर्टल पर विवि में भर्तियों के लिए आने वाली कंपनियों को भी पंजीकृत किया जाएगा। खास बात यह है कि यह पोर्टल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ही विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. एच.सी. गर्ग व उपनिदेशक डॉ. अजय शंकर के निर्देशन में तथा विवि के कंप्यूटर सेंटर के हेड मुकेश कुमार के सहयोग से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. राजेश मल्होत्रा, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशिका प्रो. ऊषा अरोड़ा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के निदेशक प्रो. एच.सी. गर्ग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के उपनिदेशक डॉ. अजय शंकर, विवि के कंप्यूटर सेंटर के हेड मुकेश कुमार तथा वेब पोर्टल का निर्माण करने वाले विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

अमर उजाला - 2/8/16

# गुजवि में प्लेसमेंट वेब पोर्टल शुरू

## प्लेसमेंट से संबंधित मिलेगी जानकारी

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से प्लेसमेंट वेब पोर्टल स्थापित किया गया है। इस पोर्टल पर विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल द्वारा एक ब्रोशर जारी किया गया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के कमेटी रूम-1 में वेब पोर्टल के उद्घाटन व ब्रोशर जारी करने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह वेब पोर्टल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट की दिशा में एक बेहतरीन कदम है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट से संबंधित सभी सूचनाएं इस पोर्टल पर मिलेंगी। साथ ही इस पोर्टल पर विद्यार्थियों के लिए साक्षात्कार देने संबंधी, समूह वार्तालाप करने तथा बायोडाटा आदि तैयार करने संबधी तकनीकों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध होगी। वेब पोर्टल पर विश्वविद्यालय के कोर्सों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। कैम्पस प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय द्वारा इन पंजीकृत विद्यार्थियों को ही आमंत्रित किया जाएगा। वेब पोर्टल पर विश्वविद्यालय में भर्तियों के लिए आने वाली कंपनियों को भी पंजीकृत

campus कॉर्नर

किया जाएगा। खास बात यह है कि यह पोर्टल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ही विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक प्रो. एचसी गर्ग व उपनिदेशक डा. अजय शंकर के निर्देशन में तथा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर के हेड मुकेश कुमार के सहयोग से निर्मित किया है। कुलपति ने इस वेब पोर्टल को बनाने वाले विद्यार्थियों को भी बधाई दी तथा कहा कि इस वेब पोर्टल का निर्माण इन विद्यार्थियों के भविष्य के लिए भी लाभदायक होगा। इस अवसर पर अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. राजेश मल्होत्रा, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशिका प्रो. ऊषा अरोड़ा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के निदेशक प्रो. एचसी गर्ग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के उपनिदेशक डा. अजय शंकर, विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर के हेड मुकेश कुमार तथा वेब पोर्टल का निर्माण करने वाले विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

दैनिक जागरण - 2/8/16

# जीजेयू ने बीएससी, एमएससी की 10 प्रतिशत सीटें बढ़ाई

**जीजेयू में बढ़ सकती हैं बीएससी और एमएससी की सीटें**
**12 अगस्त को हो सकती है काउंसिलिंग, मिलेगा मौका**

अमर उजाला में प्रकाशित समाचार

अमर उजाला ब्यूरो

**बीएससी के चार ड्यूल डिग्री कोर्सा में 3-3 सीटें बढ़ी**

**एमएससी के तीन कोर्स की 5-5 सीटें बढ़ाईं**



हिसार। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने बीएससी के ड्यूल डिग्री कोर्स और एमएससी के तीन कोर्सों की सीटें बढ़ा दी हैं। विवि द्वारा कुल सात कोर्सों में 10 प्रतिशत सीटें बढ़ाई गई हैं। इन कोर्सों में बीएससी ऑनर्स इन फिजिक्स, बीएससी ऑनर्स इन केमिस्ट्री, बीएससी ऑनर्स इन मैथ, बीएससी ऑनर्स इन बायोटेक्नोलॉजी तथा एमएससी इन मैथ, एमएससी इन फिजिक्स व एमएससी इन केमिस्ट्री कोर्स शामिल हैं। विद्यार्थी पिछले कई दिनों से इन संकायों की सीटें बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

जीजेयू में इसी सत्र से चार ड्यूल डिग्री कोर्स शुरू किए गए थे, जिनमें तीस-तीस सीटें थी। इन सीटों पर पूरे हरियाणा से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। लेकिन कम सीटें होने के कारण विद्यार्थियों ने नाराजगी जताई थी। जिसके बाद छात्र संगठनों ने सीटें बढ़ाने को लेकर मांग शुरू कर दी थी। छात्र संगठन एबीवीपी के विद्यार्थी सीटें नहीं बढ़ाने को लेकर कुलपति ऑफिस के सामने धरने पर बैठ गए थे। जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीटें बढ़ाने को लेकर एक कमेटी गठित की थी। सोमवार को कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए 10 प्रतिशत सीटें बढ़ाने की सिफारिश की। जिस पर कुलपति ने अपनी मोहर लगा दी। बढ़ाई गई सीटों पर 12 अगस्त को फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिले लिए जाने की संभावना है। सीटें बढ़ाने पर एबीवीपी के विद्यार्थियों ने खुशी जताते हुए कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार पुंडीर का आभार जताया।

**अब इतनी सीटें :** बीएससी के ड्यूल डिग्री के प्रत्येक कोर्स में 30 सीटें हैं। 10 प्रतिशत सीटें बढ़ने के बाद प्रत्येक कोर्स में केवल 3 सीटें ही बढ़ी। जिससे सभी चार कोर्सों में 33-33 सीटें हो गई हैं। वहीं एमएससी के तीन कोर्सों में 50-50 सीटें थी। ये सीटें बढ़कर प्रत्येक कोर्स में 55 हो गई हैं।

हमने बीएससी के चार ड्यूल डिग्री कोर्स और एमएससी के तीन कोर्सों की 10 प्रतिशत सीटें बढ़ा दी हैं। बीएएससी में 3-3 ओर एमएससी में 5-5 सीटें बढ़ गई हैं। विद्यार्थी लगातार सीटें बढ़ाने की मांग कर रहे थे। सीटें बढ़ाने से विद्यार्थियों को बड़ा फायदा मिलेगा।

\- प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार, कुलपति, जीजेयू

अमर उजाला - 2/8/16

# गुजवि सुबह की सैर के लिए 100 वरिष्ठ नागरिकों को जारी करेगा पास

हिसार। गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार वरिष्ठ नागरिकों सुबह की सैर के लिए प्रवेश पास जारी करेगा। अधिकतम 100 वरिष्ठ नागरिकों के पास जारी किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति व्यक्ति, समाज व संस्थाओं की जिम्मेदारी बनती है। गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर साफ-सुथरा व हरियाली से भरा है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिक सुबह के स्वच्छ वातावरण में यहां स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। सैर के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों को अपने किसी पहचान पत्र के साथ आना होगा।

वरिष्ठ नागरिक विश्वविद्यालय के सिटी गेट से प्रवेश पास प्राप्त कर विश्वविद्यालय में सैर कर सकते हैं। सैर के बाद पास सिटी गेट पर ही जमा कराना होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि सुबह की सैर करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को खेल मैदान, आवासीय/छात्रावास क्षेत्रों की ओर सैर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# जीजेयू में गैर शिक्षक कर्मचारियों को मिला पदोन्नति का तोहफा

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। जीजेयू में दस कर्मचारियों को पदोन्नति का तोहफा मिला है। गैरशिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के प्रधान राजबीर सिंह मलिक की अध्यक्षता में यह जानकारी दी गई।

उपअधीक्षक भारत भूषण को अधीक्षक, उपअधीक्षक शिशु पाल को अधीक्षक, सहायक कमल किशोर को उपअधीक्षक, सहायक सतपाल सिंह को उपअधीक्षक, लिपिक सुभाष को सहायक, लिपिक नवीन चंद्र को सहायक, लिपिक बलवान सिंह को सहायक, लिपिक जगबीर सिंह को सहायक, लिपिक दीपक जांगड़ा को सहायक तथा सेवादार चत्तर सिंह को लिपिक के पद पर पदोन्नति मिली है। इस अवसर पर संघ के प्रधान राजवीर सिंह मलिक, उपप्रधान सतीश शर्मा, महासचिव विनोद वर्मा, सचिव आनंद पांचाल, सहसचिव बारूराम व कोषाध्यक्ष महावीर सिंह उपस्थित थे।

## जीजेयू में सैर के लिए 100 वरिष्ठ नागरिकों को जारी किए जाएंगे पास

हिसार। जीजेयू वरिष्ठ नागरिकों को सुबह की सैर के लिए प्रवेश पास जारी करेगा। अधिकतम 100 वरिष्ठ नागरिकों के पास जारी किए जाएंगे।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति व्यक्ति, समाज व संस्थाओं की जिम्मेदारी बनती है। जीजेयू परिसर साफ-सुथरा व हरियाली से भरा है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिक सुबह के स्वच्छ वातावरण में यहां स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। सैर के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों को अपने किसी पहचान पत्र के साथ आना होगा। वरिष्ठ नागरिक विश्वविद्यालय के सिटी गेट से प्रवेश पास प्राप्त कर विश्वविद्यालय में सैर कर सकते हैं। सैर के बाद पास सिटी गेट पर ही जमा कराना होगा। हालांकि सुबह की सैर करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को खेल मैदान, आवासीय/छात्रावास क्षेत्रों की ओर सैर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अमर उजाला - 2/8/16

## जीजेयू टेलीफोन डायरेक्टरी का विमोचन



हिसार | जीजेयू के जनसम्पर्क कार्यालय ने विश्वविद्यालय की नई टेलीफोन डायरेक्टरी तैयार की है। डायरेक्टरी का विमोचन मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह डायरेक्टरी विश्वविद्यालय के स्टाफ व विश्वविद्यालय से सम्बंधित अन्य लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक होगी। इस अवसर पर जीजेयू के डायरेक्टर पब्लिक आऊटरीच एंड रिलेशन्स प्रो. कर्मपाल नरवाल, डायरेक्टर आईक्यूएसी प्रो. नीरज दिलबागी, एडवाईजर प्रो. एस.सी. गोयल, जनसम्पर्क अधिकारी बिजेन्द्र दहिया, कुलपति के सचिव मुकेश कुमार व सहायक रमेश कुमार उपस्थित थे।

गुजवि में स्कॉलरशिप की राशि लेने आए पूर्व छात्र ने जड़े थे आरोप

# पहले वीसी की शिकायत, बाद में राजीनामा

## शिकायत करने वाले छात्र ने गलतफहमी होने की बात कहकर कोई भी कार्रवाई न किए जाने की बात कही

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुजवि में स्कॉलरशिप की राशि लेने के लिए आए एक पूर्व छात्र ने विवि कुलपति पर जातिसूचक शब्द कहने के आरोप जड़ दिए। मामले की लिखित शिकायत भी विवि चौकी में दे दी गई। छात्र के साथ कुछ संगठन भी वीसी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए।

■ लिखित शिकायत भी विवि चौकी में दी थी

हालांकि दो घंटे बाद कुलपति के साथ हुई बैठक में शिकायत करने वाले छात्र ने गलतफहमी होने की बात कहकर कोई भी कार्रवाई न किए जाने की बात कही। जानकारी के अनुसार महेंद्रगढ़ जिले के रहने वाला अशोक कुमार विवि से एमसीए पासआउट है। वह मंगलवार को विवि में एससी स्कॉलरशिप की राशि लेने के लिए आया था। उसकी स्कॉलरशिप लंबे समय से रोकी गई थी

दो दिन तक एससी स्कॉलरशिप ब्रांच में चक्कर काटने के बाद जब इस बारे में प्रशासनिक भवन में पूछताछ के लिए गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस पर वह शिकायत लिखकर कुलपति कार्यालय में वीसी से मिलने के लिए पहुंचा।

### वीसी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे छात्र

छात्र से बदसलूकी की सूचना मिलने पर एनएसयूआई कार्यकर्ता और अन्य संगठनों से जुड़े सदस्य वीसी कार्यालय पहुंचे और धरना आरंभ कर दिया। छात्रों के धरने की सूचना मिलने पर प्रोक्टर डा. संदीप राणा, चीफ हॉस्टल वार्डन प्रो. एससी कुंडू, प्रो. कर्मपाल व अन्य धरनास्थल पहुंचे और छात्रों को मनाने के प्रयास आरंभ हुए। छात्रों ने अपनी लिखित शिकायत गुजवि चौकी में भी दे दी।



### मांगा सर्टीफिकेट

अशोक ने बताया कि वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार अपने कार्यालय से बाहर निकले तो वे पांव छूने के लिए आगे बढ़े। कुलपति ने पीछे हटते हुए कारण पूछा तो उन्होंने अपनी शिकायत बता दी। कुलपति ने उनसे पूछा की कहां से आए और किस जाति के हो। वीसी ने उनसे जाति का सर्टीफिकेट भी मांगा। उनके महेंद्रगढ़ जिला बताने पर कुलपति ने कहा कि वहां से तो पहले भी फर्जी सर्टीफिकेट वाले आए हैं। सबके सामने जातिसूचक शब्द करने पर उन्होंने विरोध किया तो उनको बाहर जाने की बात कही गई।

### वीसी कार्यालय में हुई बैठक

धरने पर बैठे छात्र संगठन के नेताओं और शिकायतकर्ता अशोक कुमार के साथ पहले प्रोक्टर डा. संदीप राणा और अन्य शिक्षकों ने बैठक की। इसके बाद कुलपति कार्यालय में वीसी के साथ बंद कमरे में हुई बैठक में मामला सुलझ गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को लिखित में दिया कि वह वीसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहता।

### गलतफहमी हो गई थी

*स्कॉलरशिप की राशि न मिलने पर कुलपति कार्यालय में शिकायत देने के लिए आया था। वीसी ने जाति पूछते हुए सर्टिफिकेट मांग लिया। महेंद्रगढ़ से फर्जी मामले की बात कही। गलतफहमी की वजह से शिकायत दी थी, अब कोई कार्रवाई नहीं चाहता।*

-अशोक कुमार
शिकायतकर्ता

### सभी छात्र एक समान है

*मेरे लिए सभी छात्र एक समान हैं। मैं अपने नाम के पीछे भी जाति नहीं लिखता। किसी को ठेस पहुंचे इस तरह के कोई शब्द नहीं कहे। शिकायत लेकर आने वाले छात्र को गलतफहमी हो गई थी। बातचीत कर गलतफहमी दूर कर दी है।*

-प्रो. टंकेश्वर कुमार
कुलपति, गुजवि

### वीसी के पक्ष में

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने वीसी पर जातिगत टिप्पणी किए जाने की बात का खंडन किया है। यह सब विवि कैंपस में दलित-गैर दलित की राजनीति कर अराजकता फैलाने का प्रयास है। कुछ लोग विवि का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

हरिभूमि - 3/8/16

---

कार्रवाई: व्यवस्थाओं के लिए कमेटियों का किया गया गठन

# एनबीए की टीम करेगी गुजवि का दौरा

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 से 14 अगस्त को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन की टीम दौरा करेगी। टीम के आगमन से संबंधित तैयारियों को लेकर मंगलवार को विश्वविद्यालय के कमेटी हाल-1 में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर, प्रो. आरके गुप्ता, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, प्रो. कुलदीप बंसल, प्रो. एचसी गर्ग, डा. अम्ब्रीश पाण्डेय, प्रो. पीके भाटिया, डा. विनोद कुमार, डा. आशा गुप्ता, डा. शबनम, मंजू बाला, बलबीर सिंह, खजाना राम, विपिन मक्कड़, प्रो. एससी गोयल, दिनेश कुमार, सत्यपाल, अशोक अहलावत, प्रो. सुजाता सांघी व मुकेश कुमार उपस्थित थे।



गुजवि में कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार शिक्षकों की बैठक लेते। जागरण

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन टीम का दौरा विश्वविद्यालय के लिए अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन की टीम विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग टैक्नॉलोजी व इन्वायर्नमैंट साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागों की एक्रेडिटेशन के सम्बंध में विश्वविद्यालय का दौरा करेगी। इस दौरे के लिए प्रो. आरके गुप्ता को समन्वयक बनाया गया है। कुलपति ने दौरे से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए कमेटियों का गठन भी किया है।

दैनिक जागरण - 3/8/16

# जीजेयू: दीक्षांत समारोह 22 सितंबर को

**हिसार** | जीजेयू में 22 सितंबर को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें श्रीश्री रविशंकर और रेल मंत्री को मानद उपाधि से नवाजा जाएगा तो वहीं इसके अलावा समारोह में राज्यपाल व शिक्षा मंत्री भी शामिल रहेंगे। दीक्षांत समारोह को लेकर जीजेयू में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अलग-अलग श्रेणियों में गोल्ड मेडल आदि देने के लिए भी लिस्ट बनाए जाने का काम किया जा रहा है। ऑडिटोरियम में सिक्योरिटी व्यवस्था और डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों के वेशभूषा को लेकर काम किया जा रहा है। इस बारे में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए 22 सितंबर का दिन सुनिश्चित कर लिया गया है। कई साल के बाद होने वाला यह दीक्षांत समारोह बहुत ही खास होगा।

दैनिक भास्कर - 3/8/16

# हरियाणवी फिल्म के लिये हुए ऑडिशन



जीजेयू में हरियाणवी फिल्म के लिए ऑडिशन देने पहुंची युवतियां।

**हिसार (ब्यूरो)।** पहली बार किसी हरियाणवीं फिल्म का ऑडिशन गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जनसंचार विभाग एवं युवा कल्याण निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। विद्यार्थियों के लिए सिनेमा में केरिअर संभावनाओं के मद्देनज़र हरियाणवी फिल्म बाट अवेटिंग के लिए ऑडिशन किया गया। इस दौरान फिल्म निर्माता अल्का मित्तल और उनके साथ प्रवीन चौधरी, रंगकर्मी मनीष जोशी, आकाशवाणी हिसार से सम्बद्ध अर्चना सुहासिनी बतौर निर्णायक उपस्थित रहे। फिल्म बाट के लिए अभिनेता, गायक और गीतकार चुनने के लिए यह ऑडिशन किया गया। फिल्म निर्माता अल्का मित्तल ने बताया कि यह एक हरियाणवी फिल्म है तथा सतलुज-यमुना लिंक नहर के मुद्दे पर आधारित है। जो किसानों की समस्याओं और उनसे जुड़े अनेक मुद्दों को उजागर करती है। ए.बी. फिल्मस् क्रिएशन मुंबई से आई टीम ने फिल्म का पोस्टर और कहानी विद्यार्थियों के साथ सांझा की। छात्र-छात्राओं ने अपने ही अंदाज में डायलॉग बोलकर निर्णायक मंडल का मन खूब लुभाया और बीच-बीच में फिल्म निर्माण से संबंधित बारीकियां भी सीखी।

## हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में आईं 178 फिल्मों की प्रविष्टियां

हिसार। आगामी 8 से 11 सितंबर तक गुरु जभेश्वर विश्वविद्यालय के रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने वाली फिल्मों की अंतिम तिथि 31 जुलाई को समाप्त हो चुकी है। हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (हिफ) के डायरेक्टर धर्मेंद्र डांगी एवं कमलजीत शर्मा ने बताया कि पिछले दो दिनों से हॉलीवुड, दिल्ली एवं मुंबई के फिल्म विशेषज्ञ आई हुई फिल्मों का रिव्यू कर रहे हैं, ताकि स्क्रीनिंग हेतु फिल्म चुनी जा सके। हिफ के डायरेक्टर कमलजीत शर्मा ने बताया कि कुल 178 फिल्मों की प्रविष्टियां आई हैं, जिनमें 18 देशों से 15 भाषाओं में अलग-अलग प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं।

अमर उजाला - 3/8/16

# प्रदेश का प्रथम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल हिसार में होगा

- 8 सितंबर से 11 सितंबर तक गुजवि में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. हिसार

संस्कृति मीडिया व कम्युनिकेशन प्रोडक्शन (एसएमसीपी) में हरियाणा का प्रथम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल हिसार में होगा। एसएमसीपी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र डांगी ने बताया कि इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 8 से 11 सितम्बर तक गुजवि सभागार में होगा।

फीचर फिल्म, शार्ट फिल्म, डाक्यूमेन्ट्री व एनिमेशन तथा हरियाणवी फिल्मों को परखने के लिए ज्यूरी का गठन कर दिया है। फिल्म स्क्रीनिंग के साथ सिनेमा के इतिहास व भविष्य पर सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। आगामी 11 सितम्बर को अवार्ड समारोह में फैशन परेड, गायन प्रस्तुति, बैले नृत्य, शास्त्रीय नृत्य व लोक संगीत आदि का भी आयोजन किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ निदेशक, एक्टर, संगीतकार, टेक्नीकल स्पोर्ट व कथानक आदि को पुरस्कृत किया जाएगा।

शार्ट फिल्मों के लिए ज्यूरी में कलाकार रवि चौहान, जगजीवनराम (दूरदर्शन), फिल्म निर्माता अनिल कौशिक और प्रो. मिहिर रंजन पात्रा शामिल हैं।

### 178 फिल्मों की प्रविष्टियां

हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर धर्मेंद्र डांगी एवं कमलजीत शर्मा ने बताया कि पिछले 2 दिनों से हॉलीवुड, दिल्ली एवं मुम्बई के फिल्म विशेषज्ञ आई हुई फिल्मों का रिव्यू कर रहे हैं ताकि सक्रीनिंग हेतु फिल्म चुनी जा सके। हिफ के डायरेक्टर कमजीत शर्मा ने बताया कि कुल 178 फिल्मों की प्रविष्टियां आई हैं जिनमें 18 देशों से 15 भाषाओं में प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं।

हरिभूमि - 3/8/16

# जीजेयू में हरियाणा का इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

**हिसार (निस) :** प्रदेश में पहली बार हो रहे हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल को लेकर फिल्म निर्माताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। 8 सितंबर से 11 सितंबर तक हिसार के गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में होने वाले समारोह में प्रविष्टियों के शिरकत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी। हरियाणा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (हिफ) के डायरेक्टर धर्मेंद्र डांगी और कमलजीत शर्मा ने बताया कि पिछले 2 दिनों से हॉलीवुड, दिल्ली एवं मुम्बई के फिल्म विशेषज्ञ फेस्टिवल के लिए आई फिल्मों का रिव्यू कर रहे हैं, ताकि स्क्रीनिंग के लिए फिल्म चुनी जा सके। कुल 178 फिल्मों की प्रविष्टियां आई है। जिनमें 18 देशों से 15 भाषाओं में अलग-अलग प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं।

दैनिक ट्रिब्यून - 3/8/16

# ओम संस्थान में साइंस कैंप 'इंस्पायर' का शुभारंभ



नभछोर
2/8/16

हिसार/02 अगस्त/रिपोर्टर

ओम शिक्षण संस्थान में भारत सरकार द्वारा प्रदत्त सॉइंस कैंप इंस्पायर का शुभारंभ हुआ। पांच दिवसीय इस कैंप के प्रथम दिन मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते हुए विधिवत रूप से शुरूआत की गई जिसमें बतौर मुख्यातिथि जीजेयू के कुलपति प्रो डॉ. टंकेश्वर ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर यूआईईटी पंजाब विवि से डॉ. जेके गोस्वामी और बीजेपी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पूनिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास का परिचय देते हुए उन्होंने कहा कि आज विज्ञान एक उच्च स्तर पर पहुंच गया है और लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। आज लोग पूर्ण रूप से विज्ञान पर निर्भर हैं इसलिए वैज्ञानिक धारा की ओर मुड़ना समय की मांग है। संस्थान के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल ने कहा कि ओम ग्रुप इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी करवाता रहेगा ताकि सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। शिविर के कॉर्डिनेटर एवं ओम शिक्षण संस्थान के वाइस प्रिंसिपल प्रो. डॉ. विनीत गोयल ने भी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक रूपरेखा एवं प्रयोगों से परिचित कराया। इस कैंप में भिवानी, धारूहेड़ा, हांसी, हिसार, पानीपत, करनाल, जगाधरी, फतेहाबाद, नारनौंद और रेवाड़ी सहित विभिन्न जिलों के स्कूलों से 152 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. पूनम गोयल, पीके जैन, डॉ. अशोक यादव, डॉ. एसके अरोड़ा, डॉ. राजेश बंसल, डॉ. आशा भंडारी, आरपी महला, डॉ. अनुज शर्मा, प्राचार्या सिम्मी जाखड़ सहित ओम शिक्षण संस्थान के अन्य स्टाफ सदस्य व प्रतिभागी मौजूद थे।

---

# सभी हॉस्टलों का तैयार होगा गतिविधि कैलेंडर

- इंडोर गेम्स की भी की जाएगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभी ब्वॉयज और गर्ल्स हॉस्टलों में गतिविधियों को लेकर कैलेंडर तैयार किया जाएगा। कैलेंडर्स के मुताबिक ही हॉस्टलों में खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार आदि कार्यक्रम रखे जाएंगे। यह निर्णय विवि में हाल ही में हुई बोर्ड ऑफ रेजीडेंशियल एंड हेल्थ वेलफेयर की बैठक में लिया गया है।

बैठक में विद्यार्थियों के व्यक्तिव विकास को लेकर भी कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया गया। काउंसलिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। हॉस्टलों के विद्यार्थी गतिविधियों में जुटे रहे,



कैलेंडर तैयार कर उसमें खेल, एनएसएस, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तारीखें व माह निर्धारित किए जाएंगे, विद्यार्थी पहले से ही अपनी तैयारी कर सकें। गतिविधियों का कैलेंडर तैयार होने के साथ ही सभी हॉस्टलों में इनडोर स्पोर्टस की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया है। ब्वॉयज व गर्ल्स हॉस्टलों में चैस व आर्चरी जैसे इंडोर स्पोर्टस की तैयारियों पर विचार किया जा रहा है। हॉस्टलों में रहने वाले विद्यार्थियों का मनोरंजन भी हो सके।

## इंडोर गेम्स का प्रबंध होगा

*हॉस्टलों में गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया जाएगा। हॉस्टलर्स के मनोरंजन के लिए सभी हॉस्टलों में इंडोर गेम्स का भी प्रबंध किया जाएगा।*

*–डा. संदीप राणा*
*कन्वीनर, बोर्ड ऑफ रेजीडेंसियल हेल्थ एंड वेल्फेयर, गुजवि*

## फॉगिंग की डिमांड

डेंगू व मलेरिया के फैलाव को देखते हुए बोर्ड ऑफ रेजीडेंशियल हेल्थ एंड वेलफेयर ने विवि परिसर व हॉस्टलों में फॉगिंग की मांग की है। बोर्ड की तरफ से एआर को इस संबंध में अनुरोध भेजा गया है। पानी की टंकियों की सफाई के बारे में भी बोर्ड ने निर्देश दिए हैं। विवि परिसर में भी सफाई के बारे में अभियान चलाने के बारे में बैठक में निर्णय लिया गया है।

हरिभूमि - 8/8/16

उपलब्धि | विदेश मंत्रालय ने किया चयन, जीजेयू वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया रवाना

# 9वें प्रयास में पूनिया को कैलाश यात्रा की झंडी

■ नौ वर्षों से कर रहे थे प्रयास, ड्रा के माध्यम से नंबर आया

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के नेटवर्किंग सैल के कर्मचारी तकनीकी सहायक ग्रेड-वन राजेश पूनिया दुर्गम मानी जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा करेंगे। यात्रा के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राजेश पूनिया को रवाना किया।

कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। अध्यक्षता डीन एलूमानाई एंड रिलेशनज प्रो. एमएस तुरान ने की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस यात्रा के लिए राजेश का चयन ही इनके हौंसले व आध्यात्मिक भाव को प्रदर्शित करता है। राजेश



हिसार। राजेश पूनियां को रवाना करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

पूनिया ने बताया कि वे गत नौ वर्षों से इस यात्रा के लिए प्रयास कर रहे थे। ड्रा के माध्यम से अब उनका नंबर आया है। इस यात्रा की पहली शर्त यह है कि यात्री का शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना अति आवश्यक है। कैलाश मानसरोसर चीन में स्थित है।

रास्ता अति दुर्गम है। यात्रियों को लगभग 56 सौ फीट मीटर की ऊंचाई तक से गुजरना होगा। इस यात्रा का आयोजन विदेश मंत्रालय के सौजन्य से किया जाता है। यात्रा से पूर्व यात्री पूर्ण रूप से फिटनेस टैस्ट होता है।

## एक लाख छह हजार होंगे खर्च

यात्रा पर कुल एक लाख छह हजार रुपये का खर्च आता है, जिसमें से हरियाणा के प्रत्येक यात्री को पचास हजार रुपये राज्य सरकार द्वार[illegible] दिए गए हैं। विश्वविद्यालय ने राजेश पूनिया [illegible] पांच हजार रुपये की कीमत की यात्रा कि[illegible] प्रदान की है। इस अवसर पर प्रो. कर्मपा[illegible] नरवाल, मुकेश अरोड़ा, विपिन मक्क[illegible] बलबीर सिंह, डा. एस.बी. लुथरा, मुके[illegible] कुमार, आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि 5/8/16

# कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर निकले पूनिया

हिसार, 3 अगस्त (का.प्र.): गुजवि के नैटवर्किंग सैल के कर्मचारी राजेश पूनिया कठिन व दुर्गम मानी जाने वाली भगवान शिव को समर्पित कैलाश मानसरोवर यात्रा करेंगे। यात्रा के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राजेश पूनिया को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। अध्यक्षता डीन एलूमानाई एंड रिलेशनस प्रो. एम.एस. तुरान ने की।



पूनिया को हरी झंडी दिखाते प्रो. टंकेश्वर कुमार।

पंजाब केसरी हिसार 5/8/16

# जीजेयू कर्मचारी राजेश जाएगा कैलाश मानसरोवर यात्रा पर



हिसार (ब्यूरो)। जीजेयू के नेटवर्किंग सेल के कर्मचारी तकनीकी सहायक ग्रेड-वन राजेश पूनिया कठिन और दुर्गम मानी जाने वाली भगवान शिव को समर्पित कैलाश मानसरोवर यात्रा करेंगे। यात्रा के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राजेश पूनिया को हरी झंडी दिखा रवाना किया। राजेश पूनिया ने बताया कि वे गत नौ वर्षों से इस यात्रा के लिए प्रयास कर रहे थे। ड्रा के माध्यम से अब उनका नंबर आया है। इस यात्रा की पहली शर्त यह है कि यात्री का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अति आवश्यक है। कैलाश मानसरोवर चीन में स्थित है। रास्ता अति दुर्गम है। यात्रियों को लगभग 56 सौ फीट मीटर की ऊंचाई तक से गुजरना होगा। इस यात्रा का आयोजन विदेश मंत्रालय के सौजन्य से किया जाता है। यात्रा पर एक लाख छह हजार रुपये का खर्च आता है, जिसमें से हरियाणा के प्रत्येक यात्री को 50 हजार रुपये राज्य सरकार द्वारा दिए गए हैं। विश्वविद्यालय ने राजेश पूनिया को पांच हजार रुपये की यात्रा किट प्रदान की है।

अमर उजाला 5/8/16

# यात्रा के लिए किया रवाना

हिसार : विश्वविद्यालय के नेटवर्किंग सेल के कर्मचारी तकनीकी सहायक ग्रेड-वन राजेश पूनिया कठिन व दुर्गम मानी जाने वाली भगवान शिव को समर्पित कैलाश मानसरोवर यात्रा करेंगे। यात्रा के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राजेश पूनिया को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। अध्यक्षता डीन एलूमानाई एंड रिलेशनज प्रो. एमएस तुरान ने की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस यात्रा के लिए राजेश का चयन ही इनके हौसले व आध्यात्मिक भाव को प्रदर्शित करता है। वे वहां विश्वविद्यालय की समृद्धि के लिए भी प्रार्थना करेंगे। यात्रा पर कुल एक लाख छह हजार रुपए का खर्च आता है जिसमें से हरियाणा के प्रत्येक यात्री को पचास हजार रुपए राज्य सरकार द्वारा दिए गए हैं। विश्वविद्यालय ने राजेश पूनिया को पांच हजार रुपए की कीमत की यात्रा किट प्रदान की है। राजेश पांच व छह अगस्त को हांगकांग में होने वाली ह्यूवे साऊथ इस्ट ऐशिया एजुकेशन आईसीटी सम्मिट में भाग लेंगे।

दैनिक जागरण 4/8/16

# गुजवि में स्विमिंग पुल के निर्माण से पहले होगी मिट्टी की जांच

हरिभूमि न्यूज . हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पुल का काम जल्द ही शुरु हो सकता है। स्विमिंग पुल के निर्माण से पूर्व

- गुजवि में जल्द शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पुल का निर्माण

केंद्रीय एजेंसी द्वारा विवि में जिस जगह पुल का निर्माण किया जाएगा, वहां मिट्टी की जांच की जाएगी। संभवतः यह जांच आगामी सप्ताह में होगी। मिट्टी जांच की रिपोर्ट के बाद ही स्विमिंग पुल का डिजायन तैयार होगा। स्विमिंग पुल के निर्माण पर करीब चार करोड़ रुपये की लागत आ सकती है। इसके लिए करीब सवा दो करोड़ रुपये की ग्रांट यूजीसी की तरफ से विवि को मिल चुकी है। विवि द्वारा स्विमिंग पुल के निर्माण का कार्य सेंट्रल एजेंसी सीपीडब्ल्यूडी को दिया गया है। निर्माण कार्य आरंभ होने से पहले पुल के लिए एजेंसी मिट्टी की जांच करवाएगी।

### जांच के बाद होगा डिजाइन तैयार

मिट्टी की जांच के बाद स्विमिंग पुल के डिजायन तैयार होगा, इसमें मिट्टी जांच के बाद मिली रिपोर्ट के मुताबिक बदलाव भी किया जा सकता है। गुजवि में बनने वाला यह स्विमिंग पुल ओलंपिक साइज का बनाया जा रहा है। निर्माण की पहली स्टेज में पुल का काम किया जाएगा। इसके बाद दर्शक गैलरी, लाइटस, बाथरुम आदि का निर्माण होगा। स्विमिंग पुल के लिए गुजवि में स्पोर्टस हॉल के साथ ही जगह देखी गई है। यहां कि मिट्टी की रिपोर्ट सही आने पर जल्द ही विवि में स्विमिंग पुल का काम आरंभ कर दिया जाएगा।

### मिट्टी की जांच होगी

*स्विमिंग पुल के निर्माण से पहले मिट्टी की जांच करवाई जाएगी। मिट्टी की रिपोर्ट मिलने पर डिजायन तैयार कर पुल का काम जल्द ही आरंभ कर दिया जाएगा।*

*–एसबी लुथरा, खेल निदेशक, गुजवि*

हरिभूमि 7/8/16

# स्वीमिंग पूल को लेकर मिट्टी जांच करवाने में जुटी कंपनी

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पूल बनाने को लेकर केंद्रीय एजेंसी ने अपना काम शुरू कर दिया है। गुजवि को यूजीसी से ढाई करोड़ रुपये की ग्रांट स्वीमिंग पूल बनाने को लेकर मिली है। विश्वविद्यालय ने यूजीसी के नियमानुसार पहली बार सरकारी एंजेंसी को स्वीमिंग पूल का टेंडर दे दिया है। ऐसे में एजेंसी ने जहां स्वीमिंग पूल बनाने को लेकर नक्शा बनाना शुरू कर दिया है, वहीं जिस जमीन पर यह बनना है उस जगह की मिट्टी जांच भी एजेंसी करवा रही है। मिट्टी जांच की रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर आ जाएगी। इसके बाद ही उस जमीन पर स्वीमिंग पूल बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

### मिट्टी जांच होती है सबसे अहम

स्वीमिंग पूल हो या भवन निर्माण हो उससे पहले मिट्टी की जांच कस्वाना जरूरी होती है। मिट्टी जांच के बाद ही तय होगा कि निर्माण हो सकता है या नहीं । क्योंकि हिसार में ग्राउंड वाटर लेवल उपर माना जाता है। यह भी स्वीमिंग पूल निर्माण के लिए मायने रखती है। इसीलिए स्वीमिंग पूल निर्माण से पहले सेंट्रल एजेंसी सीपीडब्ल्यूडी ने मिट्टी जांच करवाई है।

- स्वीमिंग पूल के लिए मिली है ढाई करोड़ रुपये की ग्रांट
- मिट्टी की जांच से पता चलेगा, पुल का निर्माण हो पाएगा या नहीं

### एल शेप में बनेगा स्वीमिंग पुल



अधिकारियों ने बताया कि गजवि में बनने वाला स्वीमिंग पूल ओलंपिक साइज का होगा। मौजूदा समय में जो जमीन दी गई है वह एल शेप में है। वहीं अधिकारियों का भी मानना है कि एल शेप में ही स्वीमिंग पूल का निर्माण किया जाएगा। इसी जमीन के आधार पर दर्शक गैलरी, लाइट्स, बाथरूम आदि का निर्माण होगा। यह जमीन गुजवि के स्पोर्ट्स सेंटर के नजदीक लगती है।

स्वीमिंग पूल को लेकर एजेंसी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। स्पोर्ट्स क्लब के साथ लगती जमीन की मिट्टी जांच के सैंपल लिए गए है। उसकी रिपोर्ट एक सप्ताह में आ जाएगी। जिसके बाद एजेंसी अपना आगे का काम शुरू कर देगी।

एसबी लुथरा, खेल निदेशक , गुजवि।

दैनिक जागरण – 7/8/16

जना : गुजवि में ओपन एयर थियेटर के सामने बनाया जाएगा तीन मंजिला सेंटर

# साढ़े पांच करोड़ में बनेगा कंप्यूटर सेंटर

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ओपन एयर थियेटर के साथ तीन मंजिला कंप्यूटर सेंटर बनाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। तीन मंजिला कंप्यूटर सेंटर को लेकर मैप तैयार कर लिया गया है। कंप्यूटर सेंटर पर पांच करोड़ 58 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा। इसके लिए तीन करोड़ 35 लाख रुपये की रूसा से ग्रांट मिली है जबकि अन्य पैसा विश्वविद्यालय की ओर से खर्च किया जाएगा।

मौजूदा समय में लाइब्रेरी के भवन में कंप्यूटर लैब बच्चों और परीक्षाओं के लिए बनाई गई है। विभिन्न विभागों में अपने स्तर पर कंप्यूटर लैब है। मगर, एक सेंट्रल कंप्यूटर सेंटर की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसी को गंभीरता से लेते हुए लैब के निर्माण कार्य को लेकर मैपिंग तैयार कर ली गई है। विश्वविद्यालय की निर्माण शाखा की ओर से जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। गुजवि की लाइब्रेरी के एक कौने में कम्प्यूटर लैब मौजूदा समय में चल रही है। इसके संचालक मुकेश कुमार है जो कम्प्यूटर लैब छोटी होने को लेकर कई बार कुलपति सहित अन्य अधिकारियों से पत्र व्यवहार कर चुके है। उनकी मांग को कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने गंभीरता से लिया है और नई लैब बनाने की अनुमति दी है। इससे पूर्व कुलपति ने स्वयं कम्प्यूटर लैब का मुआयना किया था और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जाना था। जिसके बाद उन्होंने प्राथमिक दृष्टि से कम्प्यूटर लैब बनाने की सोची।

### यह होगा कंप्यूटर सेंटर में

- कंप्यूटर सेंटर तीन मंजिला बनाया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर पर इंटरनेट लैब, नेटवर्किंग लैब व सीसीटीवी के साथ हैड ऑफ कंप्यूटर सेंटर का रूम बनाया जाएगा।
- प्रथम तल पर कंप्यूटर लैब, लेंग्वेज लैब, हार्डवेयर रिपेयरिंग लैब बनाई जाएगी।

### 350 छात्रों को मिलेगी सुविधा

प्रत्येक लैब में 60 छात्रों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। पांच से ज्यादा लैब छात्रो बनाई जाएगी। ऐसे में एक समय में 350 से ज्यादा छात्रों विभिन्न लैब का लाभ उठा पाएंगे।

### यह आ रही थी परेशानियां



- गुजवि में छह हजार के करीब छात्र है। ऐसे में इंटरनेट प्रयोग करने के लिए छात्रों को घंटे के हिसाब से स्थान दिया जाता है। ऐसे में बहुत से छात्र स्थान नहीं मिलने के चलते अपने अतिमहत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूरा नहीं कर पाते है।
- गुजवि में सरकारी व प्रशासनिक परीक्षाओं के दौरान भारी परेशानी उठानी पड़ती है। 100 के करीब कम्प्यूटर होने से दोपहर में खत्म होने वाली परीक्षा देर शाम तक खत्म हो पाती है। जिससे परीक्षार्थियों के साथ शिक्षकों भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।
- छात्र संगठन भी कम्प्यूटर सेंटर को बड़ा करने की मांग लगातार उठा चुके है।
- साइंस के कोर्सों को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में आधुनिकीकरण के चलते छात्रों को कम्प्यूटर लैब की जरूरत ज्यादा रहेगी।

रूसा की ग्रांट से पहला प्रोजेक्ट नये कम्प्यूटर सेंटर का निर्माण करना होगा। इसको लेकर काम शुरू कर दिया गया है। भविष्य की योजनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, गुजवि

दैनिक जागरण - 10/8/16

---

प्लॉन | कंप्यूटर, इंटरनेट से लेकर होगी स्किल डेवेल्पमेंट लैब तैयार, 5.58 करोड़ आएगी लागत, रुसा से मिले 3.35 करोड़

# गुजवि में बनेगी कंप्यूटर सेंटर की बिल्डिंग

**हरिभूमि न्यूज. हिसार**

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में कंप्यूटर सेंटर के लिए नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। इस बिल्डिंग में करीब नौ अलग अलग लैब बनाई जाएंगी। बिल्डिंग के निर्माण पर करीब 5.58 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके लिए रुसा से भी विवि को 3.35 करोड़ रुपये की ग्रांट मिली है। कंप्यूटर सेंटर की नई बिल्डिंग लाइब्रेरी और बायो नैना बिल्डिंग के बीच में बनाई जाएगी।

- कंप्यूटर सेंटर की नई बिल्डिंग लाइब्रेरी और बायो नैना बिल्डिंग के बीच में बनाई जाएगी

### एक वर्ष का समय लगेगा

तीन फ्लोर की इस बिल्डिंग को बनाने में करीब एक वर्ष का समय लगेगा। बिल्डिंग के लिए जल्द ही टेंडर जारी कर दिया जाएगा। जिसके बाद संभवतः अक्टूबर माह में बिल्डिंग के निर्माण का काम आरंभ हो पाएगा।

### 300 विद्यार्थी बैठेंगे

नए कंप्यूटर सेंटर के इस भवन में एक साथ करीब 350 विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता होगी। सेंटर की प्रत्येक लैब में 60 विद्यार्थियों के बैठने के लिए जगह बनाई जाएगी।



### प्रथम फ्लोर पर नेट लैब

बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर इंटरनेट लैब, नेटरवर्किंग, सीसीटीवी और प्रशासनिक स्टाफ के रुम होंगे। भवन के दूसरे फ्लोर पर कंप्यूटर लैब, लैंग्वेज लैब और हार्डवेयर रिपेयरिंग लैब होगी।

तीसरे फ्लोर पर दो कंप्यूटर लैब और स्किल डिवल्पमेंट लैब बनाकर तैयार की जाएगी। कंप्यूटर सेंटर के लिए जगह फाइनल की जा चुकी है। टेंडर के बाद यहां जल्द ही काम आरंभ हो जाएगा।

कंप्यूटर सेंटर की प्रत्येक लैब में 60-60 विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता होगी।

### ग्रांट मिली है

*कंप्यूटर सेंटर की नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। इस पर करीब साढ़े पांच करोड़ की लागत आएगी। रुसा से भी सेंटर के लिए ग्रांट मिली है।*

*-प्रो. टंकेश्वर कुमार*
*कुलपति, गुजवि*

हरिभूमि - 10/8/16

# प्रो. टंकेश्वर को मिला हायर एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड

हिसार, 10 अगस्त (सिया) : गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को नई दिल्ली में हुई सातवीं इलेटस वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट में हायर एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड से नवाजा गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह अवार्ड भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्कूल एजुकेशन एंड लिट्रेसी के सचिव डा. एस.सी. खुंटिया के कर कमलों से प्रदान किया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार एफआरपी के अन्तर्गत भारत के पहले यूजीसी प्रोफैसर हैं। प्रो. टंकेश्वर कुमार अमेटी विश्वविद्यालय नोएडा में इसी वर्ष फरवरी में हुए 16वें इंटरनेशनल बिजनेस हॉरीजन में अमेटी एकेडमिक एक्सीलैंस अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। उनके 100 से अधिक शोध पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय जर्नल्ज में प्रकाशित हो चुके हैं। यह सम्मिट एशिया की आईसीटी एजुकेशन की प्रीमियर मेगेजीन डिजीटल लर्निंग के सौजन्य से आयोजित की गई। उद्घाटन समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री रघुबर दास, एम्बेसी ऑफ पोलैंड के अम्बेसडर एच.ई. तोमास्ज लुकास्जुक, झारखंड सरकार की मुख्य सचिव राजबाला वर्मा, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त सचिव (तकनीकी शिक्षा) आर. सुब्रहमन्यम, मेरीट्रेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि पांचानंदन व इलेटस टैक्नॉमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ व मुख्य सम्पादक डा. रवि गुप्ता उपस्थित थे।



हायर एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड प्राप्त करते गुजवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

दैनिक सवेरा टाईम्स 11/8/16

# जीजेयू के वीसी हायर एजुकेशन लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित

## दिल्ली में सातवीं इलेटस वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट में दिया अवॉर्ड

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को नई दिल्ली में हुई सातवीं इलेटस वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट में हायर एजुकेशन लीडरशिप अवॉर्ड से नवाजा गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह अवॉर्ड मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्कूल एजुकेशन एंड लिट्रेसी के सचिव डॉ. एससी खुंटिया ने प्रदान किया।

प्रो. टंकेश्वर कुमार इस सम्मिट में 'क्रिएटिंग ए फ्रेमवर्क फॉर डिवेलपिंग ए रिसर्च - रेडी इंस्टीट्यूशन टू चेंज ग्लोबल रिकॅगनीशन एंड रैंकिंग (इंस्पायर हाल)' शीर्षक पर हुए व्याख्यान में मुख्य वक्ता भी रहे। प्रो. टंकेश्वर कुमार एफआरपी के अंतर्गत भारत के पहले यूजीसी प्रोफेसर हैं। वे 16वें इंटरनेशनल बिजनेस हॉरीजन में अमेटी एकेडमिक एक्सीलैंस अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके हैं। उनके 100 से अधिक शोध पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं।

एजुकेशन सम्मिट में वैश्विक परीपेक्ष्य में शिक्षा व उद्योगों से संबंधित नेतृत्व एवं नीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।



नई दिल्ली में इलेट्स वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट में हायर एजुकेशन लीडरशिप अवॉर्ड प्राप्त करते जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

उद्घाटन समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री रघुबर दास, एंबेसी ऑफ पोलैंड के एंबेसडर एचई तोमास्ज लुकास्जुक, झारखंड सरकार की मुख्य सचिव राजबाला वर्मा, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त सचिव (तकनीकी शिक्षा) आर. सुब्रह्मण्यम, मेरीट्रेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि पांचानंदन, यूरोकिड्स के प्रबंध निदेशक प्रजोध राजन व इलेटस टेक्नॉमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ व मुख्य संपादक डॉ. रवि गुप्ता उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर 11/8/16



**GJUST (AWARDED)**

Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor, Guru Jambheshwar University of Science and Technology, Hisar has been conferred with Higher Education Leadership Award at 7th Elets World Education Summit held at New Delhi. Prof. Tankeshwar Kumar was honoured by Dr. S.C. Khuntia, Secretary, Department of School Education & Literacy, Ministry of Human Resource Development, Government of India.

The Indian Express - 12/8/16

## GJUST VC honoured

Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor, Guru Jambheshwar University of Science and Technology (GJUST), has been honoured with the Higher Education Leadership Award at the 7th World Education Summit at New Delhi by SC Khuntia, Secretary, Department of School Education and Literacy. —TNS

The Tribune - 12/8/16

# खेलों पर 5 .78 करोड़ रुपये खर्च करेगा गुजवि

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में खेलों को बढ़ावा देने के लिए 5.78 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस संबंध में विश्वविद्यालय की खेल परिषद की 18वीं वार्षिक बैठक विश्वविद्यालय के कमेटी हाल में हुई। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। बैठक में कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर बतौर उपाध्यक्ष मौजूद थे। बैठक का संचालन खेल निदेशक डा. एसबी लुथरा ने किया।



खेल परिषद की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व बैठक में मौजूद अन्य सदस्य। जागरण

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का स्वीमिंग पूल पर पांच करोड़ रुपये की लागत आएगी। जिसमें से 2.25 करोड़ रूपये का अनुदान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मिला है। विश्वविद्यालय को खेलों के सामान व मैदान के अपग्रेडेशन के लिए राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत 56 लाख रूपये का अनुदान मिला है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ने खेल विभाग का 22.15 लाख रूपये का बजट पारित किया है। विश्वविद्यालय में स्वीमिंग पूल बनाने के लिए सीपीडब्ल्यूडी के साथ एमओयू हुआ है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में एसी जिम, 10 मीटर एसी शूटिंग रेंज, साइकलिंग व तीरअंदाजी के आधुनिक उपकरण खरीदे जाएंगे।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि राज्य तथा केन्द्र सरकारें खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर नई योजनाएं व नीतियां बना रही हैं। विशेषकर हरियाणा प्रदेश समूचे भारत में खेलों के मामले में अग्रणी भूमिका में है। ऐसे में शिक्षण संस्थाओं का भी दायित्व बनता है कि वे खेलों के उत्थान में अपना हर संभव योगदान दें। विश्वविद्यालय को एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज द्वारा अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताएं करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनका आयोजन अक्टूबर व नवम्बर माह में होना है। खेल निदेशक डा. एसबी लुथरा ने बताया कि बैठक में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिनमें मुख्य रूप से इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आहार भत्ता, जलपान भत्ता एवं स्पोर्टस किट भत्ता, व अम्पायर का मानदेय बढ़ाने की मंजूरी दी गई। बैठक में प्रो. राजेश मल्होत्रा, प्रो. नरसीराम बिश्नोई, प्रो. हरभजन बंसल, प्रो. ऊषा अरोड़ा, प्रो. नीरज दिलबागी, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. सोनिका, डा. संजीव कुमार ढुल, अशोक अहलावत, शिवदयाल रंगा, जेसीडी विद्यापीठ के प्रधानाचार्य जय प्रकाश, ओआइटीएम के प्रधानाचार्य के प्रतिनिधि व दयानंद महाविद्यालय के सेवानिवृत योगा विशेषज्ञ प्रो. जेसी नूनिया उपस्थित थे।

दैनिक जागरण - 12/8/16

# जीजेयू से पासआउट विद्यार्थी नवंबर में एक मंच पर होंगे

## पूर्व छात्रों के पंजीकरण को वेबपोर्टल लॉन्च

**हिसार** | जीजेयू में पहला विवि स्तर का पूर्व छात्र सम्मेलन 13 नवंबर रविवार को होगा। इसमें विवि के विशेष पूर्व छात्र सम्मानित होंगे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान के महत्वपूर्ण कड़ी हैं, विवि पूर्व छात्रों के पंजीकरण व ऑनलाइन सदस्य शुल्क जमा कराने व फोटो अपलोड करने के लिए पहले वेबपोर्टल लॉन्च कर चुका है। डीन एलुमिनाई रिलेशंस प्रो. एमएस तुरान ने कहा पूर्व छात्रों को पूर्व छात्र पहचानपत्र जारी होगा, जिसके तहत वे विवि के फैकल्टी हाउस में रियायती दरों पर सुविधाएं ले सकेंगे। वे खेल मैदान व पुस्तकालय सुविधाओं का भी निःशुल्क फायदा उठा सकेंगे। यह भी तय किया गया है कि एलुमिनाई फंड के ब्याज की राशि से विश्वविद्यालय में टॉप रैंक पाने वाले व जरूरतमंद विद्यार्थियों को फैलोशिप व छात्रवृतियां दी जाएंगी। एलुमिनाई एसोसिएशन द्वारा सितम्बर के तीसरे सप्ताह में विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के अवसर पर उनकी सुविधा के लिए एक काउंटर भी खोला जाएगा। इन निर्णयों को लेने के दौरान की बैठक के दौरान कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर सहित प्रो. कुलदीप बंसल, प्रो. हरभजन बंसल, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. दिनेश चुटानी, प्रो. सोनिका, प्रो. हेम चन्द्र गर्ग, मुकेश अरोड़ा व संयुक्त सचिव एलुमिनाई रिलेशन्स डॉ. युद्धवीर सिंह मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर - 12/8/16

# गुजवि में पूर्व छात्र सम्मेलन 13 को

**जागरण संवाददाता, हिसार:** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पहला विश्वविद्यालय स्तर का पूर्व छात्र सम्मलेन 13 नवम्बर को होगा।

इस सम्मेलन में विश्वविद्यालय के विशेष पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। यह निर्णय विश्वविद्यालय की एलूमनाई एसोसिएशन की कार्यकारी परिषद एवं पदाधिकारियों की दूसरी बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। संचालन डीन एलूमनाई रिलेशन्स प्रो. एमएस तुरान ने किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान के महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे विश्वविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन करते हैं तथा उनके भविष्य निर्माण में सहयोग देते हैं डीन एलूमनाई रिलेशन्स प्रो. एमएस तुरान एसोसिएशन के एक्स-ऑफिशियो सेक्रेट्री भी हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विद्यार्थियों को सदस्य बनाने के लिए अभियान चलाया गया है।

दैनिक जागरण - 12/8/16

# गुजवि ने कुलपति ने फहराया तिरंगा



हिसार- गुजवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर दौड़ के विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुए।

हिसार/15 अगस्त/रिपोर्टर

गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर सबसे पहले भारत की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले ज्ञात अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी कुर्बानी को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सिरमोर बनने की ओर अग्रसर है। निरंतर प्रगति के नए आयाम छू रहा है। हरियाणा प्रदेश की भी प्रगति व खुशहाली का उन्होंने अपने संबोधन में जिक्र किया। इस अवसर पर युवा कल्याण निदेशालय के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। खेल विभाग के सौजन्य विश्वविद्यालय परिसर में रह रहे कर्मचारियों के बच्चों के लिए विभिन्न आयुवर्ग के ग्रुपों की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

जा
15

# भारत विश्व का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर – टंकेश्वर



पाठकपक्ष - 15/8/16

हिसार, 15 अगस्त (निस) : गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 70वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर व कुलपति की धर्मपत्नी सुनीता भी उपस्थित थे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर सबसे पहले भारत की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले ज्ञात अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी कुर्बानी को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है। निरंतर प्रगति के नए आयाम छू रहा है। हरियाणा प्रदेश की भी प्रगति व खुशहाली का उन्होंने अपने सम्बोधन में जिक्र किया। कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण निदेशक अजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# Haryana's golden jubilee: GJU to hold international film fest

HT Correspondent
letterschd@hindustantimes.com



GJU V-C Tankeshwar Kumar

BOLLYWOOD ACTORS OM PURI, YASHPAL SHARMA, RANDEEP HOODA AND ASHUTOSH RANA WILL ATTEND THE FESTIVAL

**HISAR:** To celebrate 50 years of Haryana's existence, Guru Jambheshwar University (GJU), Hisar, will organise Haryana International Film Festival from September 8 to 11.

Addressing mediapersons on the GJU campus, vice-chancellor (V-C) Tankeshwar Kumar said, "We have so far received 168 entries in 18 languages from 28 countries. The jury has selected 45 films for screening in the festival. I am sure that students of the GJU will learn a lot during the film festival."

Kamaljeet Sharma, secretary of the film festival committee, said, "This is for the first time that an international film event is being organised in Haryana. The films will be screened at the Ranbir auditorium of the GJU. This international event will give a boost to Haryanvi films and prove a milestone in developing film art in the state."

He said, "Bollywood actors Om Puri, Yashpal Sharma, Randeep Hooda and Ashutosh Rana will attend the festival. Besides, renowned vocalist Pandit Jasraj and singer Sonu Nigam will also take part in the event.

Hindustan times - 19/8/16

# मंच पर दिखेगी पेड़ बचाने के लिए 363 लोगों के बलिदान की कहानी

**जीजेयू में कल होगा खेजड़ी पर आधारित नाटक का मंचन**

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। गुरु जंभेश्वर के जन्मोत्सव पर जीजेयू में तीन दिवसीय समारोह आयोजित किया जाएगा। 23 से 25 अगस्त तक आयोजित होने वाले समारोह में 23 अगस्त को खेजड़ी नाटक का मंचन होगा। 24 को पौधारोपण व 25 को हवन यज्ञ होगा।

जीजेयू में मंगलवार को खेजड़ी नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक मंचन के लिए रविवार को कलाकारों ने रिहर्सल की। यह नाटक बिश्नोई समाज से जुड़ी एक सत्य घटना पर आधारित है। नाटक के अनुसार 1730 में राजस्थान के जोधपुर जिले के गांव खेजड़ी में राजा के आदेश पर पेड़ काटे जा रहे थे। अमृता बिश्नोई ने इसका विरोध किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पेड़ों को बचाने के लिए पेड़ों के साथ चिपक गए। 363 लोगों ने पेड़ों को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। 23 अगस्त को जीजेयू के चौधरी रणबीर सिंह स्टेडियम में इस नाटक का मंचन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति टंकेश्वर कुमार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव एके पुंडीर करेंगे। जीजेयू के धार्मिक संस्थान की ओर से यह तीन दिवसीय समारोह आयोजित होगा। संस्थान के अध्यक्ष किशनराम बिश्नोई ने बताया कि 23 को नाटक मंचन के बाद देशभक्ति व पर्यावरण से जुड़े गीतों पर नृत्य का कार्यक्रम भी रखा गया है। 24 अगस्त को जीजेयू कैंपस में पौधारोपण होगा। 25 अगस्त को जन्माष्टमी गुरु जंभेश्वर के जन्मोत्सव पर हवन यज्ञ किया जाएगा। जीजेयू के जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र दहिया नाटक के निर्देशन में नाटक का मंचन होगा।



हिसार। जीजेयू में जंभेश्वर दिवस को लेकर अभ्यास करते युवा।

# एक्सटेंशन से तीन विषयों के छात्रों को मिलेगा लाभ

- टीचिंग ब्लॉक तीन के एक्सटेंशन का काम जल्द होगा शुरू
- विशेष सेमिनार हॉलनुमा कमरे किए जाएंगे तैयार

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लंबे समय से टीचिंग ब्लॉक तीन के एक्सटेंशन की मांग चल रही थी। इसकी मुख्य वजह लगातार फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथ्स के छात्रों की हो रही बढ़ोतरी थी।

हाल में गुजवि प्रशासन ने तीनों बेसिक विषयों में पांच वर्षीय कोर्स भी शुरू कर दिया है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूर्व में चली आ रही भवन के एक्सटेंशन की मांग को प्राथमिकता से लिया है। विवि प्रशासन की ओर से टीचिंग ब्लॉक तीन के लिए टेंडर जारी कर दिया है। जल्द ही ब्लॉक बनाने का का शुरू कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से एक करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक का एक्सटेंशन किया जाएगा।

तीनों विषयों के एमएससी कोर्सों में प्रवेश के लिए हर साल छह हजार से ज्यादा छात्र आवेदन करते है। जिनमें से कुछ चुनिंदा छात्रों को ही प्रवेश इन विषयों में मिलता है। ऐसे में ब्लॉक के एक्सटेंशन के बाद छात्रों की संख्या बढ़ाने पर भी विश्वविद्यालय प्रशासन गौर कर सकता है। यदि ऐसा होता है तो गुजवि में एमएससी के लिए प्रवेश पाने की इच्छा रखने वाले छात्रों की संख्या दस हजार के करीब पहुंच सकती है।

## यह मिलेगा छात्रों को लाभ

- छात्रों को अन्य विभागों में जाकर कक्षाएं नहीं लगानी पड़ेगी।
- छात्रों को लेक्चर के दौरान हर सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।
- एक्सटेंशन में विशेष रूप से सेमिनार हॉल होंगे। जिससे छात्र को समय समय पर विषय विशेषज्ञ जानकारी दे पाएंगे।
- सीआइएल लैब साथ ही होने से विभाग की लैब पर अतिरिक्त बोझ नहीं होगा।

टीचिंग ब्लॉक तीन के एक्सटेंशन का काम जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। एक करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से टीचिंग ब्लॉक तीन का निर्माण कार्य किया जाना है।

– अशोक अहलावत, एसई, भवन निर्माण शाखा, गुजवि।

दैनिक जागरण - 22/8/16

# गुजवि में तीन दिवसीय धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम कल से

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के श्री गुरु जम्भेश्वर महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान की ओर से श्री हरि विष्णु के अवतार गुरु जम्भेश्वर भगवान के 566वें अवतार दिवस अर्थात श्री गुरु जम्भेश्वर एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर 3 दिवसीय धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नाटक समिति के विकास बिश्नोई ने बताया कि जन्माष्टमी से 2 दिन पहले 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के चौ.रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में खेजड़ली की सत्य घटना पर आधारित महाबलिदान नाटक का आयोजन किया जाएगा। नाटक का निर्देशन विश्वविद्यालय के लोक संपर्क अधिकारी विजेंद्र दहिया ने किया है। इसके लिये लगभग सभी गांवों में, मंदिरों से लाऊडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं करवाई जा रही है। अगले दिन 24 अगस्त को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा 25 अगस्त को प्रातः 8 बजे श्री गुरु जम्भेश्वर महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के परिसर में विशाल हवन और पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। श्री गुरु जम्भेश्वर महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. किशनाराम बिश्नोई इस पूरे कार्यक्रम की देखरेख कर रहे हैं। कुलपति प्रो. डॉ. टंकेश्वर कुमार इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

पांच बजे 22/8/16

परिवार वालों ने बेटी के लापता होने की यूपी थाने में दर्ज कराई थी रिपोर्ट

# पढ़ाई की जिद में यूपी की केसर ने पिता का घर छोड़ ले लिया जीजेयू में एडमिशन, पुलिस ढूंढते हुए पहुंची हिसार

भास्कर न्यूज़ | हिसार

पढ़ने जिद के लिए एक बेटी केसरजहां ने अपने पिता का घर छोड़ दिया और यूपी से सैकड़ों किलोमीटर दूर आकर जीजेयू में दाखिला ले लिया और बेटी केसर जहां के इस फैसले से अनजान उसके परिजनों ने उसके गुमशुदा होने की रिपोर्ट में दर्ज करवा दी।

मामले का खुलासा हुआ जब अपनी बेटी को ढूंढ़ते-ढूंढ़ते यूपी पुलिस के साथ उसके पिता हिसार आ पहुंचे। पिता और पुलिस जब जीजेयू पहुंचे तो जीजेयू के कई अधिकारी भी वहां आ गए। इस दौरान जब खुलकर बात हुई तो केसरजहां ने बताया कि वो यूपी के गाजियाबाद से है, 22 दिन पहले पिता का घर छोड़ आई थी और जीजेयू में एमसीए प्रथम वर्ष में एडमिशन लेकर पढ़ाई शुरू कर दी। ऐसा इसलिए करना पड़ा क्योंकि उसके मां बाप उसे पढ़ाना नहीं चाहते थे, लेकिन वह पढ़ना चाहती थी। बेटी के कदम से पुलिस के साथ उसका पिता भी संतुष्ट होकर वापस लौट गया।

▪ मोबाइल ट्रैस कर यूपी पुलिस पहुंची जीजेयू ▪ जीजेयू में वार्डन की मौजूदगी में पुलिस के सब इंस्पेक्टर ने की छात्रा से बातचीत

बेटी के इस तरह अचानक घर से गायब होने पर किसी अनहोनी की आशंका के मद्देनजर केसरजहां के पिता ने गाजियाबाद यूपी के थाना साहिबाबाद में बेटी की मिसिंग की शिकायत दर्ज कराई। जांच थाने के सब इंस्पेक्टर आरके शर्मा को मिली तो जांच में पाया गया कि केसरजहां हिसार में है। यूपी पुलिस स्थानीय पुलिस एवं जीजेयू के अधिकारियों से संपर्क साध छात्रा तक पहुंच गई। हॉस्टल से छात्रा बाहर आई और अपने पिता और पुलिस को देखा और देखती रही, तब पिता ने बेटी से घर छोड़ने का कारण पूछा तो बेटी ने वजह बताई। बातचीत के बाद पुलिस वापस लौट गई। मामला जीजेयू चर्चा का विषय बना रहा।

## पढ़ाने के लिए किया जाएगा सहयोग

बहुत कम लोग होते हैं जो अपने अच्छे लक्ष्य को पाने के लिए इस तरह से कदम उठाते हैं, पढ़ने के लिए जब कोई इतना साहस दिखाए तो वो काबिले तारीफ है। ऐसे में छात्रा को जीजेयू में सुरक्षित माहौल भी दिया जाएगा और उसे पढ़ाने के लिए हर तरह से सहयोग किया जाएगा। छात्रा अपने पिता से मिल चुकी है, जीजेयू का माहौल देख उनके पिता भी संतुष्ट हो गई है और पुलिस भी। छात्रा का दाखिला हो चुका है आगे कोई परेशानी न आए इसका ख्याल रखा जाएगा। **प्रो. संदीप राणा, प्रोक्टर, जीजेयू।**

## जीजेयू में ही पढ़ना चाहती है छात्रा

यूपी पुलिस दोपहर को यहां पहुंची थी। पुलिस 31 जुलाई को घर से अचानक बिना बताए पढ़ाई के निकली छात्रा को खोजती हुई यहां आई थी। पुलिस के साथ छात्रा का पिता भी आया था। पुलिस ने जीजेयू के हॉस्टल वार्डन एवं अन्य शिक्षकों की मौजूदगी में छात्रा से बातचीत की। छात्रा ने स्पष्ट कर दिया कि उसका परिवार उसे आगे पढ़ाना नहीं चाहता था, लेकिन वह पढ़ना चाहती थी इसलिए परिजनों को बिना बताए घर से भाग आई। **महावीर सिंह- चौकी प्रभारी, जीजेयू।**

दैनिक भास्कर 23/8/16

# गुजवि में नैतिक मूल्य की शिक्षा को बढ़ावा देंगे : वीसी



हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुजवि की एंटी इव टीजिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के कमेटी हॉल नंबर एक में हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। संचालन प्रोक्टर प्रो. संदीप राणा ने किया। बैठक में विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए और अधिक सुरक्षित व सहयोगी वातावरण बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रावासों में खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही मेन्टरिंग कान्सैप्ट को भी विश्वविद्यालय में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए तो निश्चित तौर पर विद्यार्थियों की सोच सकारात्मक होगी तथा उनसे जुड़ी बहुत सी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। बैठक में डीएसपी गीतिका जाखड़, डीन एकेडिमक अफेयर्ज प्रो. राजेश मल्होत्रा, डीएसडब्ल्यू प्रो. हरभजन बंसल, चीफ वार्डन प्रो. एससी कुंडू, डीन ऑफ कालेजिज प्रो. नरसीराम, प्रो. कर्मपाल, प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, प्रो. संजीव कुमार, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर कर्नल बलजीत सिंह, अभिभावक व छात्र प्रतिनिधि पूनम दहिया, पूजा रानी, शिवाकुमार, भगवती देवी आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि 24/8/16

# गुजवि में किया पौधारोपण



पौधारोपण करते प्रो. टंकेश्वर कुमार।

हिसार, 24 अगस्त (का.प्र.): गुजवि में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने अध्यक्षता की। पौधारोपण गुरु जम्भेश्वर महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से गुरु जम्भेश्वर जी भगवान के जन्मोत्सव तथा जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम को कृभको द्वारा प्रायोजित किया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। वृक्षों को रोपित व संरक्षित करने के लिए हम सबको आगे आने चाहिए। डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि इन पौधों के विकसित होने के बाद विवि परिसर में और अधिक हरियाली बढ़ेगी। धार्मिक अध्ययन संस्थान अध्यक्ष डा. किशना राम ने बताया कि गुरुवार को धार्मिक अध्ययन संस्थान परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी, कृभको से ओम चौहान, कृष्ण कुमार बिश्नोई, संदीप मलिक, प्रो. संदीप राणा, प्रो. नरसीराम बिश्नोई, प्रो. कुलदीप बंसल, डा. संजय लाहोरिया, एस.बी. लुथरा, अशोक अहलावत व नेकी राम उपस्थित थे।

# 12 सदस्यीय कमेटी रखेगी गुजवि के मेस पर नजर

जागरण संवाददाता, हिसार : गुजवि के हॉस्टल नंबर तीन में खाने-पानी को लेकर सोमवार रात को जमकर बवाल हुआ था। जिसके बाद मंगलवार को वार्डनों व छात्रों की बैठक हुई। बैठक में छात्राओं ने अपनी समस्याओं को रखा और उनके समाधान की मांग की। वार्डनों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्रों की 12 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया। यह कमेटी हॉस्टल मैस व छात्रों की समस्याओं को पर नजर बनाए रखेगी। प्रतिदिन छात्रों को खाने व अन्य संबंधी आने वाली समस्याओं से वार्डनों को अवगत करवाएंगी।



वही मेस संचालक को वार्डन की ओर से वार्निंग नोटिस जारी किया गया है। यदि पुनः बिन बताए मेस बंद करने व खाना बेहतर क्वालिटी का नहीं दिया गया तो सख्त कार्रवाई मैस संचालक पर की जाएगी। बता दें कि मेस संचालक के खिलाफ पहले भी शिकायतें आती रही हैं और छात्र विरोध दर्ज कराते रहे हैं।

## बेहतर खाना नहीं मिलना थी छात्रों की मुख्य मांग

छात्रों को हॉस्टल में अच्छा खाना नहीं मिल रहा है। यह नई बात नहीं है। हर साल यही विवाद बना रहता है। हॉस्टल मैस संचालक को बदलने की मांग लगातार बनी रहती है। इसके बावजूद सालों से दो ठेकेदारों को बदलने को लेकर विश्वविद्यालय गुरेज कर रहा है। हॉस्टल नंबर एक और तीन के ठेकेदारों को बदलने में लेकर आनाकानी प्रशासन करता रहा है। हॉस्टल तीन में जिस ठेकेदार के लिए अच्छा खाना नहीं देने को लेकर सोमवार को नारेबाजी हुई थी। उसकी ठेकेदार के लिए पिछले साल हॉस्टल नंबर एक में नारेबाजी देखने को मिलती थी। इसी के चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक और तीन के मेस संचालकों को एक्सचेंज कर दिया।

## खुद न चलाकर ठेके पर दी मेस संचालक ने मैस

सूत्रों के अनुसार जिस मेस संचालक को विश्वविद्यालय प्रशासन ने ठेके पर हॉस्टल मेस दी थी। उस ठेकेदार ने आगे किसी अन्य ठेकेदार को मेस ठेके पर दे रखी है। ऐसे में मेस ठेकेदार किसी भी बात की परवाह नहीं करती है। आरोप है कि कई बार छात्रों के साथ ठेकेदार ने दुर्व्यवहार भी करता है। सूत्रों के अनुसार सोमवार को प्रदर्शन के बाद भी ठेकेदार ने कुछ छात्रों पर छींटा कसी की थी।

छात्रों की समस्याओं को लेकर बैठक की गई थी। जिसमें छात्रों की अधिकतर मांगों को हल कर दिया गया है। छात्रों की 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। जो मेस ठेकेदार के खाने की क्वालिटी व अन्य चीजों पर नजर रखेंगी। साथ ही छात्रों को आने वाली समस्याओं के बारे में हर रोज जानकारी वार्डन को देंगे। जहां तक ठेकेदार ने मैस आगे ठेके पर दे रखी है। इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

-डॉ. सुरेश भाखर, वार्डन, गुजवि।

दैनिक जागरण 25/8/16

# हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज. हिसार



हिसार। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते प्रतिभागी खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

गुजवि खेल विभाग के सौजन्य से सोमवार को विश्वविद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर खेल दिवस का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर इस अवसर पर मुख्यातिथि थे। अध्यक्षता खेल निदेशक डा. एसबी लुथरा ने की।

मेजर ध्यानचंद भारत का गौरव हैं। उनके पद चिह्नों पर चलते हुए हमें खेलों में और अच्छा प्रदर्शन करना होगा। खेल जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। बैडमिंटन प्रतियोगिता के कर्मचारियों के बच्चों के 15 वर्ष से कम आयु के लड़कों के वर्ग में गर्वित लुथरा ने पहला, टोनी ने दूसरा तथा मन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कर्मचारियों के बच्चों के ओपन वर्ग सिंगल में पंकज ने पहला, विकास ने दूसरा तथा दीपक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ओवरऑल ओपन वर्ग सिंगल में हरीश ढींगड़ा, संदीप गौरी व डा. मनोज कुमार पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। डबल में सुशील कुमार व दिनेश कुमार ने पहला, डा. विकास वर्मा ने व संदीप गौरी ने दूसरा व डा. मनोज कुमार व डा. सुनील पंवार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# गुजवि में हवन यज्ञ व जंभवाणी पाठ का आयोजन किया



पांच बजे न्यूज

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार में गुरु जंभेश्वर जी भगवान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर गुरुवार को हवन यज्ञ व जंभवाणी पाठ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के धार्मिक अध्यन संस्थान के सौजन्य से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर इस अवसर पर मुख्य यजमान थे।

डा. अनिल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि गुरु जंभेश्वर जी भगवान आदि पर्यावरणविद् थे। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं। पर्यावरण प्रदूषण इस समय विश्व की सबसे भयंकर समस्या बन चुका है। इस दिशा में तुरंत व प्रभावशाली कदम उठाने अत्यंत आवश्यक है। मुख्य आयोजक डा. किशना राम ने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष होता है। उन्होंने कहा कि गुरु जी की शिक्षाएं वर्तमान समय में और अधिक प्रासांगिक हो गई हैं। जंभवाणी का पाठ नेकी राम, ओमप्रकाश राहड, पृथ्वी सिंह बैनीवाल तथा सुनील राहड ने किया। हवन यज्ञ के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारियों के अतिरिक्त उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

पाँच बजे 25/8/16

# गुरु जंभेश्वर के जन्मोत्सव पर हवन

आज समाज नेटवर्क

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार में गुरु जंभेश्वर भगवान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर हवन यज्ञ व जंभवाणी पाठ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के धार्मिक अध्यन संस्थान के सौजन्य से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर इस अवसर पर मुख्य यजमान थे। डॉ. अनिल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि गुरु जंभेश्वर जी भगवान आदि पर्यावरणविद् थे। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं। पर्यावरण प्रदूषण इस समय विश्व की सबसे भयंकर समस्या बन चुका है। इस दिशा में तुरंत व प्रभावशाली कदम उठाने अत्यंत आवश्यक है। मुख्य आयोजक डॉ. किशनाराम ने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष होता है। उन्होंने कहा कि गुरु जी की शिक्षाएं वर्तमान समय में और अधिक प्रासंगिक हो गई हैं। जंभवाणी का पाठ नेकीराम, ओमप्रकाश राहड़, पृथ्वी सिंह बैनीवाल तथा सुनील राहड़ ने किया। हवन यज्ञ के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारियों के अतिरिक्त उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

# गुजवि में रैगिंग की कोई शिकायत नहीं: प्रो. टंकेश्वर



पांच बजे न्यूज

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा है कि स्वच्छ, सुरक्षित व शिक्षा के लिए अति अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाना विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। पहले से ही विश्वविद्यालय में एक अच्छा माहौल है। इसे और अधिक बेहतर बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रो. टंकेश्वर कुमार विश्वविद्यालय के कमेटी हाल में हुई एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक का संचालन विश्वविद्यालय के प्रोक्टर प्रो. संदीप राणा ने किया।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उन्हें खुशी है कि गत कई वर्षों से विश्वविद्यालय में कोई भी रैगिंग से सम्बंधित शिकायत नहीं है। वातावरण लगातार और बेहतर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा विद्यार्थी ऊर्जा का भंडार है। उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए विश्वविद्यालय में खेल, सांस्कृतिक, शैक्षणिक व अन्य संबंधित गतिविधियों को वढ़ावा दिया जाएगा ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व में भी सुधार ला सकें तथा जिम्मेदार नागरिक के साथ-साथ अच्छी आजीविका प्राप्त करने में भी सफल हो सकें। प्रो. संदीप राणा ने कहा कि रैगिंग कानूनन जुर्म है। इस जुर्म के लिए कठोर सजा का प्रावधान है। विश्वविद्यालय में नए विद्यार्थियों व अभिभावकों से रैगिंग गतिविधियों में शामिल ना होने का शपथ पत्र लिया गया है। विश्वविद्यालय स्तर की एंटी रैगिंग कमेटी के अतिरिक्त विभागीय स्तर पर एंटी रैगिंग मोनीटोरिंग सैल का गठन किया गया है। एंटी रैगिंग के लिए विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय परिसर तथा छात्रावासों की निगरानी के लिए तीन अलग-अलग एंटी रैगिंग दस्ते बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त रैगिंग गतिविधियों को रोकने के लिए अन्य कदम भी उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अनुशासित हैं। इनकी ऊर्जा को और अधिक सकारात्मक दिशा में प्रवाहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिन्हें शीघ्र ही अमल में लाया जाएगा। बैठक में डीन एकेडिमक अफेयर्ज प्रो. राजेश मल्होत्रा, डीन स्टूडेंटस वैल्फेयर प्रो. हरभजन बंसल, चीफ वार्डन ब्वाएज प्रो. एससी कुंडू, चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सोनिका, डीन ऑफ कालेजिज प्रो. नरसीराम, परीक्षा नियंत्रक प्रो. कुलदीप बंसल, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, प्रो. संजीव कुमार, डा. मीनाक्षी भाटिया, डा. सुमन दहिया, डा. नीतू अहलावत, डीएसपी गीतिका जाखड़, देवेंद्र उप्पल, अभिभावक व छात्र प्रतिनिधि पूनम दहिया, पूजा, शिवा तथा भगवती देवी आदि भी उपस्थित थे।

पांच बजे - 25/8

# प्रो. टंकेश्वर कुमार को मिला डी.सी.आर.यू.एस.टी., मुरथल का अतिरिक्त कार्यभार

## ▶▶ प्रो. कुमार विवि को ले जाएंगे नई ऊंचाइयों तक : श्री सिंह

### प्रो. कुमार रविवार को संभालेगें विश्वविद्यालय का कार्यभार



प्रो. टंकेश्वर कुमार।

सोनीपत, 26 अगस्त (योगेश सूद): हरियाणा के राज्यपाल एवं दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलाधिपति प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने डी.सी.आर.यू.एस.टी. के कुलपति का अतिरिक्त कार्य भार जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को सौंप दिया है। प्रो. कुमार रविवार को विश्वविद्यालय का कार्यभार संभालेंगे। प्रो. कुमार ने इस जिम्मेवारी के लिए सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे सरकार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सकारात्मक सोच के साथ विश्वविद्यालय के टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ और विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए विश्वविद्यालय की अंतरर्राष्ट्रीय पटल पर ख्याति के लिए कार्य करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री के.पी. सिंह ने प्रो. कुमार का स्वागत करते हुए कहा है कि वे अपनी क्षमताओं व अनुभव से विश्वविद्यालय को नई ऊचाईयों तक लेकर जाएंगे। उनके मार्ग दर्शन में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होगा। प्रो. कुमार वर्तमान में जीजेयू, हिसार के कुलपति का कार्यभार संभाल रहे हैं। प्रो. कुमार शैक्षिणक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एक प्रख्यात नाम है। वे यमुनानगर में जन्में व प्राथमिक शिक्षा ग्रामीण क्षेत्र से प्राप्त की है। उन्होंने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है तथा स्नातकोत्तर व पीएच.डी. की उपाधि पंजाब विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। उन्होंने आई.सी.टी.पी. इटली से पोस्ट डाक्ट्रल फैलोशिप प्राप्त की है। वे पंजाब विश्वविद्यालय में भौतिकी के प्रोफेसर रहे हैं। प्रो. कुमार के लगभग 130 शोधपत्र हैं। उनको आई. सी. टी. पी. इटली की एसोसिएटशिप मिली हुई है। वे बहुत से ख्याति प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय जरनलस् के संपादकीय सदस्य भी रह चुके हैं।

इसके अतिरिक्त उन्होंने भारत सरकार के तीन रिसर्च प्रोजैक्ट पूर्ण किए हैं। उनके मार्ग दर्शन में 10 विद्यार्थियों ने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें इसके अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यों का भी लंबा अनुभव है। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय में 2005 से 14 तक कंम्पयुटर सैंटर के निदेशक के तौर पर कार्य किया। प्रो. कुमार पंजाब टैक्नीकल विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता रहे व पंजाब विश्वविद्यालय के सीनेट के सदस्य रहेःवे नेशनल एकडमी आफ् साइंस के सदस्य हैं। प्रो.कुमार लगभग 10 बार अनुसंधान कार्यो से विदेश यात्रा कर चुके हैं।

दैनिक सवेरा टाइम्स - 27/8/16

# गुजवि में 'बुद्धि मापन' विषय पर लगी कार्यशाला



कार्यशाला को सम्बोधित करते प्रो. द्वारका प्रसाद।

हिसार, 29 अगस्त (का.प्र.):गुजवि मनोविज्ञान विभाग के सौजन्य से 'बुद्धि मापन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पी.जी.आई. चंडीगढ़ के सेवानिवृत्त प्रो. द्वारका प्रसाद थे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप राणा ने की। प्रो. द्वारका प्रसाद ने कहा कि बुद्धि मापन अत्यंत आवश्यक है। इससे किसी भी व्यक्ति की क्षमताओं व सीमाओं का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने बुद्धि मापन परीक्षणों का प्रदर्शन भी किया। डा. संदीप राणा ने कहा कि मनोविज्ञान के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। यही वो क्षेत्र है जिसका प्रयोग कर मानव को और अधिक शांत व सक्षम बनाया जा सकताहै।

# UGC approves distance programmes at GJUST

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, AUGUST 30

The Distance Education Bureau of the University Grants Commission (UGC), New Delhi, has granted recognition to all programmes of distance learning at the Guru Jambheshwar University of Science and Technology (GJUST), Hisar, for the academic year 2016-17 and 2017-18.

Prof Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor, said all programmes of distance education were job oriented. The Vice-Chancellor said the quality of the programmes would be improved, along with better student support services.

MC Garg, Director, Distance Education, said the university had received a letter from the UGC regarding the recognition of the courses.

According to the letter, the Directorate has granted recognition to 16 academic programmes —MCA, MCA (Five years Integrated), MSc Computer Science, MSc (Mathematics), MA (Mass Communication), MBA, MCom, BBA, BA (Mass Communication), PG Diploma in Advertising & Public Relations, PG Diploma in Taxation, PG Diploma in Environment Management, PG Diploma in Computer Applications, PG Diploma in Bakery Science and Technology, PG Diploma in Counselling & Behaviour Modification, PG Diploma in Industrial & Safety Management.

He said the new admissions in the programmes under the distance education for this year would be online and direct through the university and the process would be started soon.

The Tribune 31/8/16

राहत : गुजवि के दूरवर्ती विभाग में नामांकन प्रक्रिया शुरू, सेंटरों से नहीं, अब सीधे विश्वविद्यालय में करने होंगे आवेदन

# एक महीने बाद मिली पत्राचार पाठ्यक्रमों को अनुमति

जागरण संवाददाता, हिसार : एक महीने के इंतजार के बाद गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभी दूरवर्ती शिक्षा पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दूरवर्ती शिक्षा ब्यूरो ने दो साल के लिए मान्यता दे दी है। ऐसे में गुजवि प्रशासन ने साल 2016-17 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे है। विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए प्रथम वर्ष के छात्र सीधे तौर पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसको लेकर विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन प्रॉस्पेक्टस जारी कर दिया है।

सेंटरों के माध्यम से प्रथम वर्ष के लिए दूरवर्ती शिक्षा के लिए आवेदन नहीं होंगे। जिसको लेकर पहले ही विश्वविद्यालय ने सूचना जारी कर दी थी। विभिन्न जिलों के छात्रों को प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए कक्षाएं गुजवि में ही लगाई जाएगी। गुजवि के सीनियर व अनुभवी शिक्षक छात्रों की कक्षाएं लेंगे। दूरवर्ती कोर्सों के लिए अनुमति पर मिलने पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने खुशी जाहिर की है।

| एमबीए की प्रवेश परीक्षा के स्थान | आवेदन की तिथि | प्रवेश तिथि |
|---|---|---|
| हिसार, अंबाला , गुडगांव | 16 सितंबर | 18 सितंबर |
| हिसार , गुडगांव | 21 अक्तूबर | 23 अक्तूबर |
| हिसार , गुडगांव | 18 नवंबर | 20 नवंबर |
| एमसीए पांच वर्षीय कोर्स | आवेदन तिथि | परीक्षा तिथि |
| हिसार, गुडगांव , अंबाला | 22 दिसंबर | 24 दिसंबर। |

## इस कोर्सों की मिली है मान्यता

एमकॉम, पीजी डिप्लोमा इन एडवरटाईजिंग एंड पीआर, बीए मास कम्यूनिकेशन, पीजी डिप्लोमा इन टैक्सेशन, पीजी डिप्लोमा इन इन्वायर्नमेंटल मैनेजमेंट, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमए मास कम्यूनिकेशन, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस, एमएससी मैथेमेटिक्स, एमबीए, बीबीए, पीजी डिप्लोमा इन बेकरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी , पीजी डिप्लोमा इन काउंसलिंग एंड बिहेवियर मोडिफिकेशन, पीजी डिप्लोमा इन इंडस्ट्रीयल सेफ्टी मैनेजमेंट, एमसीए तथा एमसीए पंच वर्षीय इंटीग्रेटिड कोर्स शामिल हैं।

**campus कॉर्नर**

कोर्सों को लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विश्वविद्यालय को पत्र मिल चुका है। सभी कोर्स पहले ही विश्वविद्यालय के दूरवर्ती शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित किए जा रहे है। मगर, पहली बार छात्र सीधे विश्वविद्यालय में दाखिला लेंगे। सेंटरों के माध्यम से प्रथम वर्ष के किसी छात्र को एडमिशन नहीं होगा। दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई और प्रोस्पेक्ट्स ऑन लाइन जारी कर दिया गया है।

प्रो. एमसी गर्ग , दूरवर्ती शिक्षा निदेशालय।

## हिसार , गुडगांव व अंबाला होगी प्रवेश परीक्षांएं

एमबीए , एमसीए तीन वर्षीय व एमसीए पांच वर्षीय इंटीग्रेटिड कोर्स के लिए हिसार , अंबाला और गुडगांव में परीक्षाएं करवाई जाएगी। 30 अगस्त से सभी 16 कोर्सों के लिए ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्रों के फीस संबंधी सारी जानकारी ऑन लाइन जारी की गई है। जिससे छात्रों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## यह है कोर्स कोर्डिनेटर

पर्यावरण विभाग से प्रो . प्रवीण शर्मा, गणित विभाग से प्रो . रेणू, फूड विभाग से डॉ . बीएस खटकड़, मॉस काम्यूनिकेशन से डॉ . सुनेना, डॉ . संजय कुमार, डॉ . संजय तिवारी व असिस्टेंट प्रोफेसर विनोद गोयल छात्रों की कक्षाएं लेंगे। छात्रों की कक्षाओं को लेकर गुजवि प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है।

## ये छात्र सेंटरों के माध्यम से कर सकते है आवेदन

प्रथम वर्ष को छोड़कर अन्य सभी वर्षों के छात्र गुजवि के प्रदेश में बने स्टडी सेंटरों के माध्यम से आवेदन कर सकते है। सेंटरों पर इन सभी वर्षों के छात्रों की कक्षाएं व अन्य सभी प्रक्रियाएं पिछले वर्षों की तरह ही चलेगी। सिर्फ प्रथम वर्ष की कक्षाएं सेंटरों के माध्यम से नहीं होगी।

दैनिक जागरण 31/8/16